फाइल सं. ए.12018/60/2019-कुष्ठ

भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

(सीसीडी अनुभाग)

विषय - क्षेत्रीय कुष्ठरोग प्रशिक्षण और अनुसंधान संस्थान (आरएलटीआरआई), गौरीपुर बांकुरा, में प्रधान लिपिक समूह 'ख' के पद के लिए भर्ती नियमों में संशोधन पर सार्वजनिक नोटिस के संबध में।

कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के दिनांक 13.10.2015 के का.ज्ञा.सं एबी. 14017/61/2008-स्था.(आरआर) के अनुपालन में, क्षेत्रीय कुष्ठ रोग प्रशिक्षण और अनुसंधान संस्थान (आरएलटीआरआई), गौरीपुर बांकुरा में प्रधान लिपिक समूह 'ख' के पद के लिए भर्ती नियमों का मसौदा संलग्न है।

2. भर्ती नियमों के मसौदे पर कोई आपत्तियां/टिप्पणियां या सुझाव देने वाले इच्छुक हितधारक मसौदा भर्ती नियमों के प्रकाशन की तारिख से 30 दिनों की अवधि के भीतर लिखित रुप में अपनी आपत्तियां/टिप्पणियां या सुझाव, श्री मनोज कुमार उपाध्याय, अवर सचिव, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, कमरा सं, 401- डी, निर्माण भवन, मौलाना आजाद रोड, नई दिल्ली-110011 या ई-मेल पर भेज सकते है। manojkumar.upadhyay29@gov.in

मनोज 29/11/22

(मनोज कुमार उपाध्याय)
अवर सचिव, भारत सरकार
दूरभाष 23061640

नई दिल्ली
दिनांक 29/11/22

**(भारत के राजपत्र, भाग-2, खण्ड 3, उपखण्ड (i) में प्रकाशनार्थ)**

**भारत सरकार**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**

**अधिसूचना**

नई दिल्ली,............,2022.

सा.का.नि. ............राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए क्षेत्रीय कुष्ठ रोग प्रशिक्षण और अनुसंधान संस्थान, गौरीपुर, बांकुरा, पश्चिम बंगाल में प्रधान लिपिक के पद की भर्ती की पद्धति का विनियमन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात्:-

**1. संक्षिप्त नाम और प्रारंभ:** (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, क्षेत्रीय कुष्ठ रोग प्रशिक्षण और अनुसंधान संस्थान,), गौरीपुर, बांकुरा, पश्चिम बंगाल प्रधान लिपिक (समूह 'ख' पद) भर्ती नियम, 2022 है।

(2) ये राजपत्र में उनके प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

**2. आवेदन** : यह नियमावली, इनमें संलग्न अनुसूची के स्तंभ 1 में विनिर्दिष्ट पद पर लागू होगी।

**3. पद संख्या, वर्गीकरण और वेतन मैट्रिक्स का स्तर:** उक्त पद की संख्या, उसका वर्गीकरण और उससे संबंधित वेतन मैट्रिक्स में स्तर वह होगा, जो इन नियमों से उपाबद्ध अनुसूची के स्तंभ (2) से (4) में विनिर्दिष्ट हैं।

**4. भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा, अर्हताएं आदि -** भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा, अर्हताएं और उक्त पद से संबंधित अन्य बातें वे होंगी जो उक्त अनुसूची के स्तंभ (5) से (13) में विनिर्दिष्ट हैं।

**5. निरर्हता** - वह व्यक्ति-

(क) जिसने ऐसे व्यक्ति से जिसका पति या जिसकी पत्नी जीवित है, विवाह किया है या विवाह की संविदा की है;

(ख) जिसने अपने पति या अपनी पत्नी के जीवित रहते हुए किसी व्यक्ति से विवाह किया है या विवाह की संविदा की है,

उक्त पद पर नियुक्ति का पात्र नहीं होगा:

परन्तु यदि केन्द्रीय सरकार का यह समाधान हो जाता है कि ऐसा विवाह ऐसे व्यक्ति और विवाह के अन्य पक्षकार को लागू स्वीय विधि के अधीन अनुज्ञेय है और ऐसा करने के लिए अन्य आधार हैं तो वह किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकेगी।

**6. शिथिल करने की शक्ति -** जहां केन्द्रीय सरकार की यह राय है कि ऐसा करना आवश्यक या समीचीन है, वहां वह उसके लिए जो कारण हैं, उन्हें लेखबद्ध करके, तथा संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श करके इन नियमों के किसी उपबंध को किसी वर्ग या प्रवर्ग के व्यक्तियों की बाबत, आदेश द्वारा शिथिल कर सकेगी।

**7. व्यावृत्ति -** इन नियमों की कोई बात, ऐसे आरक्षण, आयु-सीमा में छूट और अन्य रियायतों पर प्रभाव नहीं डालेगी, जिनका केन्द्रीय सरकार द्वारा इस संबंध में समय-समय पर जारी किए गए आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़े वर्गों, भूतपूर्व सैनिकों और अन्य विशेष प्रवर्ग के व्यक्तियों के लिए उपबंध करना अपेक्षित है।

अनुसूची

| पद का नाम | पद की संख्या | वर्गीकरण | वेतन मैट्रिक्स का स्तर | क्या चयन पद है अथवा गैर-चयन पद |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| प्रधान लिपिक | 01*(2022)<br>*कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है | साधारण केन्द्रीय सेवा, समूह 'ख', अराजपत्रित, अननुसचिवीय | वेतन मैट्रिक्स (35400 -112400 रु.) में स्तर-6 | लागू नही होता। |

| आयु- सीधी भर्ती हेतु आयु सीमा | सीधी भर्ती हेतु अपेक्षित शैक्षिक और अन्य योग्यता | क्या सीधी भर्ती के लिए निर्धारित आयु और शैक्षिक योग्यता प्रोन्नति वाले मामले में लागू होगी। | परिवीक्षा अवधि, यदि कोई हो। | भर्ती की पद्धति, सीधी भर्ती द्वारा या प्रोन्नति से अथवा प्रतिनियुक्ति अथवा आमेलन द्वारा तथा विभिन्न पद्धतियों से भरी जाने वाली रिक्तियों की प्रतिशतता। |
|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| लागू नही होता | लागू नही होता। | लागू नही होता। | दो वर्ष। | प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक अनुबंध सहित)/पदोन्नति । |

| **प्रोन्नति अथवा प्रतिनियुक्ति अथवा आमेलन द्वारा भर्ती के मामले में वे श्रेणियां जिनसे प्रोन्नति अथवा प्रतिनियुक्ति अथवा आमेलन किया जाएगा।** | **यदि विभागीय प्रोन्नति समिति मौजूद है, उसकी संरचना क्या है।** | **वे परिस्थितियां जिनमें भर्ती करने हेतु केंद्रीय संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श किया जाएगा।** |
|---|---|---|
| 11 | 12 | 13 |
| प्रतिनियुक्ति:<br>केन्द्र सरकार या राज्य सरकार या केन्द्र शासित प्रदेशों के अधिकारी<br>मूल संवर्ग या विभाग में नियमित आधार पर अनुरूप पद धारण करना या<br>मूल संवर्ग या विभाग में वेतन मैट्रिक्स (29200-92300 रुपये) या समकक्ष में स्तर -5 में नियमित आधार पर नियुक्ति के बाद प्रदान की गई लेखाकार ग्रेड में छह साल की सेवा के साथ; तथा<br>किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से बैचलर डिग्री<br>स्नातक डिग्री की न्यूनतम योग्यता वाले ग्रेड में छह साल की नियमित सेवा के साथ वेतन मैट्रिक्स में वेतन स्तर - 5 (29200-92300 रु।) में विभागीय लेखाकार पर भी बाहरी लोगों के साथ विचार किया जाएगा और उसका चयन होने की स्थिति में पद पर नियुक्ति के लिए यह पदोन्नति द्वारा भरा गया समझा जाएगा।<br><br>(फीडर श्रेणी के विभागीय अधिकारी, जो प्रोन्नति की सीधी पंक्ति में हैं, प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति हेतु विचार किये जाने के पात्र नहीं होंगे। इसी प्रकार, प्रतिनियुक्त व्यक्ति प्रोन्नति द्वारा नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे।) | विभागीय नियमितीकरण समिति (नियमितीकरण के विचारार्थ) जिसमें निम्नलिखित होंगे:<br>1. उप महानिदेशक, स्वास्थय सेवा महानिदेशालय -अध्यक्ष ;<br>2. निदेशक ,क्षेत्रीय कुष्ठ रोग प्रशिक्षण और अनुसंधान संस्थान, आस्का - सदस्य<br>3. उपनिदेशक/सहायक निदेशक, क्षेत्रीय कुष्ठ रोग प्रशिक्षण और अनुसंधान संस्थान, आस्का – सदस्य | संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श जरूरी नहीं है । |

[फा.सं. ए.12018/60/2019-कुष्ठ]

(मनोज कुमार उपाध्याय)
अवर सचिव, भारत सरकार